जागरण

# अलीगढ़ में पीपीपी माडल पर बनेगा हार्डवेयर पार्क, 12 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा विकसित

Author: **Umesh Tiwari**

Publish Date: Sun, 27 Mar 2022 09:20 PM (IST) | Updated Date: Sun, 27 Mar 2022 09:20 PM (IST)



सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में हुई बैठक में हार्डवेयर पार्क का प्रस्ताव रखा गया। इसमें बताया गया कि अलीगढ़ में पीपीपी माडल पर 12 करोड़ रुपये की लागत से 12.5 एकड़ क्षेत्रफल में हार्डवेयर पार्क विकसित किया जाना है।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। ताला नगरी के नाम से प्रसिद्ध अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हार्डवेयर पार्क बनाने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम की 254वीं बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। साथ ही पिछले वर्ष की तुलना में दोगुणे हुए निगम के व्यवसाय का ब्योरा भी निदेशक मंडल के सामने प्रस्तुत किया गया।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में हार्डवेयर पार्क का प्रस्ताव रखा गया। इसमें बताया गया कि अलीगढ़ में पीपीपी माडल पर 12 करोड़ रुपये की लागत से 12.5 एकड़ क्षेत्रफल में हार्डवेयर पार्क विकसित किया जाना है। प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई।
बैठक में निर्देश दिया गया कि लघु उद्योग इकाइयों के प्रयोग के लिए कोयले के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना के लिए निगम को राज्य सरकार की इम्प्लीमेंट एजेंसी नामित किए जाने संबंधी प्रक्रिया आगे बढ़ाने की स्वीकृति दी गई।

नवनीत सहगल ने कहा कि निगम ने अपनी स्थापना से लेकर इस वित्तीय वर्ष 2021-22 में सबसे अधिक व्यवसाय किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग दोगुणा व्यवसाय किया है। पिछले वर्ष 186 करोड़ रुपये का काम किया था, जो इस वर्ष बढ़कर 309 करोड़ रुपये हो गया है।
उन्होंने अधिकारियों को निगम के व्यवसाय को और अधिक बढ़ाने के साथ खर्चों पर नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिए। लोकभवन स्थित सभागार में आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, प्रबंध निदेशक राम यज्ञ मिश्र और प्रतिनिधि के रूप में सहायक लेखाधिकारी विमल प्रकाश व उपनिदेशक धीरज कुशवाहा उपस्थित थे।